तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
सांपों के रेस्क्यू के लिए प्रतिदिन दो दर्जन फोन कॉल, एक महीने में 1 हजार तक किया गया रेस्क्यू



## खबर संक्षेप

### संविदा पदों पर अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कुल 23 प्रकार के संविदा पदों के विरूद्ध विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त पदों के भर्ती प्रक्रिया के अनुक्रम में अंतिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सूची का अवलोकन जिला कोरबा के बेबसाइट एवं जिला कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ नव प्रगति मंच के द्वारा हरदीबाजार समरसता भवन भांठापारा तहसील पीछे गुरुवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रक्त परीक्षण एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं पर्यावरण जन जागरुकता अभियान रखा गया है। जिसमें विशेष सहयोगी सनिता अनिल टंडन जनपद सदस्य, सरपंच लोकेश्वर कंवर एवं विनय जायसवाल है,जो आयोजन को सफल बनाने के साथ साथ क्षेत्र के लोगों से अपील किए हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर रक्तदान करें। वहीं सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं हेलमेट अथवा एयर फोन प्रदान किया जाएगा।

### माँ सर्वमंगला घाट में हसदेव आरती आज

**कोरबा।** आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती का आयोजन 10 जुलाई को सायं 5 बजे से किया जाएगा। समिति ने आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में हसदेव आरती में सहभागी होने का आग्रह किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा बताया गया कि समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, इसी क्रम में आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर 10 जुलाई 2025 को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा में नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव आरती की जायेगी।

### सांप डसे तो झाड-फूक में समय न गवाएं, शीघ्र अस्पताल पहुंचे

**कोरबा।** जिला वनांचल क्षेत्र होने के कारण, बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढने तथा वर्षा का पानी जब उनके बिलों में भर जाने के कारण अपने भोजन की तालाश में जहरीले कीट, सांप बिच्छु अपने व तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बाहर आ जाते हैं तथा भोजन की खोज में घरों में घुस जाते हैं और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। जिससे सर्पदंश की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सर्पदंश के मामले में चिकित्सा विज्ञान पर विश्वास नहीं रखते है तथा बैगा गुनिया से झाड-फूक कराते हैं एवं अंधविश्वास व अज्ञानता के कारण असमय कालकवलित हो जाते हैं। कलेक्टर अजीत वसंत व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश के मामले में तत्परतापूर्वक नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में नि-शुल्क उपचार प्राप्त करें, जिससे सर्पदंश से असामयिक मृत्यु की रोकथाम हो सके । साथ ही ऐसे आपात स्थितियों पर क्षेत्र के आर.एच.ओ. या मितानिन से संपर्क कर सर्पदंश से पीड़ति व्यक्ति को तत्काल समीपस्थ अस्पताल पहुंचाये।






खदान के बाहर प्रदर्शन करते श्रमिक संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

### 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों ने खोला मोर्चा

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जिले की खदानों में दिखा व्यापक असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार की मजदूर व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्रीय मांगों को लेकर किए गए एक दिवसीय कामबंद हड़ताल का जिले के कोयला खदानों में व्यापक असर देखने को मिला। श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी सुबह पहली पाली से ही हड़ताल को सफल बनाने में जुटे हुए थे। अलग अलग क्षेत्रों में श्रमिक नेताओं ने मोर्चा संभाला था। श्रमिक संगठनों ने एसईसीएल के कोयला खदानों में 80 प्रतिशत हड़ताल सफल होने का दावा किया है। वहीं एसईसीएल प्रबंधन ने हड़ताल को आंशिक रूप से सफल बताते हुए उत्पादन पर असर नहीं पड़ने की बात कही है।

केन्द्र सरकार की मजदूर व जनविरोधी नीतियों, सीएमपीडीआई के निजीकरण आईपीओ के खिलाफ संयुक्त श्रमिक संगठन द्वारा 9 जुलाई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया था। चार श्रम संगठनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जिले में संचालित एसईसीएल की कोयला खदानों में खासा असर देखने को मिला। एसईसीएल के मेगा परियोजना गेवरा, दीपका, कुसमुंडा सहित कोरबा क्षेत्र के खुली व बंद खदानों में भी हड़ताल को सफल बनाने श्रमिक नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंकी। दोनों ही शिफ्ट में श्रमिक नेता खदानों व कार्यालयों के बाहर मोर्चा संभाले नजर आए। इस हड़ताल का सबसे अधिक असर कोयला खदानों में देखने को मिला। जिले में संचालित लगभग सभी कोयला खदानों के मुहाने पर श्रमिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारी अपनी टीम के साथ मुस्तैद है। वे नारेबाजी करते हुए जो मजदूर खदान जाने का प्रयास करते दिखाई देते हैं उन्हें समझाइस देकर मजदूर और राष्ट्रहित में साथ देने का आग्रह कर रहे हैं। प्रथम पाली में हड़ताल का खासा असर देखने को मिला। इस अखिल भारतीय आम हड़ताल को देश के चार प्रमुख श्रमिक संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। वहीं बीएमएस ने स्वयं को इस हड़ताल से दूर रखा है, हालांकि बीएमएस ने संघ इसका विरोध नहीं किया।

#### खास बात

- एसईसीएल के गेवरा दीपका और कुसमुंडा क्षेत्र में हड़ताल का दिखा ज्यादा असर



प्रदर्शन करते श्रमिक नेता।

#### हड़ताल से उत्पादन पर असर नहीं: एसईसीएल

एसईसीएल प्रबंधन ने दावा किया है कि श्रमिक संघों की हड़ताल से एसईसीएल के कोयला उत्पादन पर असर नहीं दिखा। बुधवार की पहली पाली में मंगलवार से ज्यादा उत्पादन, ज्यादा ओबीआर निष्कासन दर्ज किया गया। श्रमिक संगठनों द्वारा आहूत हड़ताल में एसईसीएल के कर्मचारियों की उपस्थिति प्रभावित रही, किंतु इससे कोयला उत्पादन व ओबीआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य संचालन अप्रभावित रहे। कर्मचारियों की उपस्थिति पहली पाली में लगभग 51 प्रतिशत वहीं दूसरी पाली में 47 प्रतिशत रही। दूसरी पाली में कंपनी के 20 में से 19 खुली खदानें पूर्णतया या अंशतः प्रभावित रूप में कार्य करने लगी थी। दूसरी पाली में भूमिगत खदानों में लगभग एक तिहाई खदानें सामान्य वहीं एक तिहाई अंशतः प्रभावित रूप से कार्य कर रही थी और इस प्रकार दूसरी पाली में भी यूजी माइंस में उपस्थिति ओसी की तुलना में कम रही। एसईसीएल के पीआरओ शनिष चंद्र ने बताया है कि पहली पाली में कंपनी ने 87 हजार 197 टन कोयले का उत्पादन किया जो कि मंगलवार की पहली पाली के उत्पादन 85 हजार 419 से अधिक था। ओबीआर का निष्कासन 1 लाख 81 हजार 970 मिलियन क्यूबिक मीटर रहा जो मंगलवार की पहली पाली के 1 लाख 32 हजार 433 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक है।

#### छोटे संगठनों का भी मिला समर्थन

एटक श्रम संघ के केंद्रीय क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य जय मुखर्जी ने कहा कि सरकार मजदूरों के अधिकारों को छीन रही है। मानिकपुर के इंटक सेक्रेटरी प्रमोद कुमार बनर्जी के मुताबिक, निजी कंपनियों के कर्मचारियों ने भी हड़ताल का समर्थन किया है। एचएमएस अध्यक्ष चंद कुमार बंजारे ने बताया कि 29 पुराने श्रम कानूनों को हटाकर नए कानून लाए गए हैं। सीटू नेता धीरज ने कहा कि बीएमसी, एटक, इंटक, एचएमएस, सीटू के अलावा छोटे संगठन भी हड़ताल का समर्थन कर रहे हैं। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को समझा रहे हैं कि मजदूरों के हित में कानून बनाया जाए।

#### राष्ट्रीयव्यापी हड़ताल से बैंक भी प्रभावित



केंद्र सरकार के नए श्रम कानून के विरोध में बुधवार को की गई राष्ट्रीयव्यापी हड़ताल से जिले के बैंक भी प्रभावित रही। हड़ताल में वर्कमेन यूनियन के हड़ताल पर बैंक कर्मचारी भी शामिल हुए। इससे यूनियन बैंक, पीएनबी, पंजाब एंड सिंध के अलावा अन्य बैंकों के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हुए और अपने संस्थान के सामने धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के श्रम कानून का विरोध किया। इस दौरान निजीकरण के विरोध में प्रमुख रुप से शामिल थे। पुरानी पेंशन जैसे मुद्दे भी हड़ताल में शामिल रहे। वर्क मेन यूनियन के आहवान पर कामरेड पीके दास, जनरल सेक्रेटरी वर्क मेन यूनियन, डिप्टी जनरल सेक्रेटरी पंकज पांडेय, असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी राजेश्वर ठाकुर एवं सेक्रेटरी वीना कंवर सहित बैंक के कर्मचारी शामिल थे।

#### श्रमिक संगठनों का दावा 80 प्रतिशत हड़ताल रही सफल

श्रमिक संगठनों का दावा है कि एसईसीएल में 80 प्रतिशत हड़ताल सफल रहा। श्रमिक संगठनों की माने तो एसईसीएल कोरबा में 95 प्रतिशत, गेवरा 90 प्रतिशत, कुसमुंडा 70 प्रतिशत, दीपका 45 प्रतिशत, एसईसीएल मुख्यालय 40 प्रतिशत, केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा 15 प्रतिशत, केन्द्रीय कर्मशाला गेवरा 10 प्रतिशत, बैकुंठपुर 100 प्रतिशत, जोहिला 100 प्रतिशत, हसदेव 100 प्रतिशत, रायगढ़ 90 प्रतिशत, भटगांव 85 प्रतिशत, चिरमिरी 80 प्रतिशत, विश्रामपुर 80 प्रतिशत, सोहागपुर 70 प्रतिशत, जमुना कोतमा में 56 प्रतिशत हड़ताल सफल रहा।

# महिला के शव को ले जाया गया निगम की कचरा गाड़ी में, एएसआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की उसके घर के पीछे लाश मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची थी जहां उसकी जली हुई लाश को मर्च्युरी तक पहुंचाने के लिए पुलिस ने शव वाहन के बदले नगर निगम के कचरा वाहन को शव उठाने के लिए इस्तेमाल किया गया जिसे देखकर मानवता भी शर्मशार हो गई। जैसे ही कचरा गाड़ी में शव उठाने का मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच अधिकारी एएसआई को तत्काल सस्पेंड कर दिया है और मामले में जांच का आदेश दे दिया है।

उल्लेखनीय है कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवारी बाजार पानी टंकी के एसईसीएल के मकान नंबर एम/29 में गीताश्री विश्वास उम्र लगभग 70 वर्ष पति स्व.रविंद्रनाथ विश्वास अकेले निवास करती थी, जबकि उसका पुत्र बिलासपुर में निवास करता था बताया जाता है कि सोमवार को गीताश्री विश्वास को देखा गया था। जिसके बाद मंगलवार की दोपहर जली हुई अवस्था में मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर बांकीमोंगरा थाने में पदस्थ एएसआई पृथ्वीराज मोहंती दल बल सहित पहुंचे थे जहां उन्होंने महिला के जले हुए शव को मर्च्युरी तक पहुंचाने के लिए शव वाहन का इस्तेमाल करने की बजाए उनके द्वारा नगर निगम के कचरा फेंकने की मौके पर बुलाया गया जहां महिला के जले हुए शव को कचरा गाड़ी में मर्च्युरी तक भेजा गया जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले में गंभीर लापरवाही बरतने ⏭ शेष पेज 3 पर

#### खास बातें

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र का मामला
- मंगलवार को महिला के घर के पीछे जली हुई अवस्था में मिली थी लाश




कचरा गाड़ी में शव को डालते हुए कर्मी।

# जीएसटी राजस्व में सराहनीय योगदान के लिए एसईसीएल को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जीएसटी विभाग जबलपुर द्वारा जीएसटी राजस्व में सराहनीय योगदान के लिए एसईसीएल को उत्कृष्ट करदाता के रूप में सम्मानित किया है। हाल ही में 8वें जीएसटी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान, एसईसीएल द्वारा समयबद्ध कर भुगतान, पारदर्शी कर प्रणाली के अनुपालन एवं राजस्व संवर्धन में निभाई गई सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया गया है।

एसईसीएल ने वर्ष 2024–25 में कर रिटर्न समय पर दाखिल करने, कर देयताओं का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने एवं सभी विधिक एवं नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सरकारी राजस्व को मजबूत आधार प्रदान किया। निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार की अगुआई में वित्त विभाग की टीम द्वारा 9 जुलाई को एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन से शिष्टाचार भेंट कर एसईसीएल वित्त वर्ष 2024–25 में जीएसटी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिले अवार्ड को सौंपा। श्री दुहन ने वित्त विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके परिश्रम, दक्षता तथा टीम ⏭ शेष पेज 3 पर

#### खास बात

- निदेशक व वित्त विभाग की टीम ने एसईसीएल को सौंपा पुरस्कार



पुरस्कार के साथ एसईसीएल के अधिकारी।

### खरमोरा में बनी है शहर की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी

# पुरानी दुकानों की नीलामी प्रक्रिया अटकी, नई दुकानों का निर्माण रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरमोरा में स्थित सब्जी मंडी अभी भी अपने स्वरुप में नहीं आ सकी है। लंबे समय बाद केवल दस दुकानों का ही निर्माण हुआ है, 6 माह से उनकी भी नीलामी रुकी हुई है और यही कारण है कि नई दुकानों के निर्माण की प्रक्रिया बजट होने के बाद भी शुरु नहीं हो सकी है।

खरमोरा और नकटीखार रोड में कृषि उपज मंडी की स्थापना पांच वर्ष पूर्व की गई थी। बीते वर्ष मिट्टी फिलिंग का काम पूरा करने के बाद दुकानों के निमार्णों की प्रक्रिया शुरु की गई जो केवल 10 दुकानों तक सीमित रही और शेष दुकानों का निर्माण शुरु हीन हीं हो सका है। इसके पीछे जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक पूर्व में निर्मित की गई दुकानों की नीलामी नहीं होने के कारण नई दुकानों का निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है जबकि मंडी को स्वरुप देने के लिए राशि भी बोर्ड के पास मौजूद है किंतु जब तक पुरानी दुकानों की नीलामी नहीं होगी तब तक नई दुकानों का कॉम्प्लेक्स तैयार भी नहीं किया जा सकेगा। यसही कारण है कि मंडी का स्वरुप अब तक अस्तित्व में नहीं आ सका है और अभी भी थोक मंडी का संचालन बुधवारी बाजार क्षेत्र में ही हो रहा है।



#### नीलामी के बाद होगा निर्माण

पुरानी दुकानें मंडी स्थल में बनाई गई है, जिनकी नीलामी की प्रक्रिया नहीं हुई है, जब तक इन दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाएगी तब तक नई दुकानों के निर्माण हेतु अनुमति नहीं मिल रही है।

**-मदन यादव,** सचिव कृषि उपज मंडी बोर्ड

#### धान खरीदी केंद्र के रूप में उपयोग

कृषि उपज मंडी का बड़ा भवन होने के कारण इसका उपयोग धान खरीदी सीजन के दौरान खरीदी केंद्र के लिए किया जाता है इसके केंद्र के शुरु होने से चाकामार, गोढ़ी, कोरकोमा, रजगामार, बेंदरकोना जैसे ग्रामों के किसानों को नजदीक की मंडी होने की सुविधा तो मिल गई किंतु सब्जी मंडी का व्यापक स्वरुप जिसके लिए मंडी का निर्माण किया गया था वह तैयार नहीं हो सका। बीते तीन वर्ष से मंडी में धान की खरीदी का काम भी चल रहा है।

### अगस्त तक कराना होगा आधार कार्ड से लिंक

**कोरबा।** जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है। वर्ष 2024 के पूर्व रोजगार कार्यालय कोरबा में पंजीयन कराये गये आवेदकों को सलाह दी गई है कि माह अगस्त 2025 तक रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवाना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय में समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर अपने रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवा सकते हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रोजगार पंजीयन ऑनलाईन वेबसाईट अथवा अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प के माध्यम से स्वयं कर सकते हैं अथवा जिला रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करवाया जा सकता है।


सिरगिट्टी के पास पुल के ऊपर से बहने लगा गोकने नाला का पानी।


नाले में आई बाढ़ से डूबे पेड़-पौधे।


दोमुहानी स्थित एनीकट हुआ ओवरफ्लो।


## खबर संक्षेप

### तीन ट्रेनों का स्टापेज भोपाल मंडल में

बिलासपुर। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रसाशन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18573/18574 विशाखापटनम-भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के अशोक नगर स्टेशन में तथा गाड़ी संख्या 20971/20972 उदयपुर-शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के मुंगावली स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। यात्रियों को दी गई इस सुविधा को निरंतर जारी रखने हेतु इन तीनों गाड़ियों के उपरोक्त स्टेशनों में ठहराव की सुविधा का विस्तार किया गया है। अब गाड़ी संख्या 18573/18574 विशाखापटनम-भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस का अशोक नगर स्टेशन में तथा गाड़ी संख्या 20971/20972 उदयपुर-शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का मुंगावली स्टेशन में ठहराव की सुविधा आगामी आदेश तक जारी रहेगी।

### दो युवकों के साथ जमकर मारपीट

बिलासपुर। शराब पी रहे दो युवकों के साथ एक युवक ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, बेल्ट से मारपीट कर ईंट से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड शिव चौक निवासी महेन्द्र वासीन पिता स्व. आर बी वासीन 9 जुलाई को सुबह 8 बजे शीतला मंदिर के पास साथी छुट्टन ठाकुर के साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान विजय मरावी उर्फ डायना आया और उनके साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए ईट उठाकर चेहरे पर मार दिया। छुट्टन ठाकुर ने बीच बचाव किया तो हाथ मुक्का बेल्ट से उसके साथ जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने महेन्द्र वासीन की रिपोर्ट पर हमलावर विजय मरावी उर्फ डायना के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**अव्यवस्था : ब्लॉक मुख्यालयों व नई तहसीलों में कैसा होगा हाल**

# जिला मुख्यालय में एसडीएम-तहसीलदार कोर्ट रूम की ऐसी दुर्गति, दीवारों पर सीलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू चौक स्थित तहसील भवन कहने को तो जिला मुख्यालय का तहसील भवन है, लेकिन भवन की दुर्गति ऐसी है, कि देखकर लगता है यह किसी दूरदराज या पहुंचविहीन गांव में स्थित कोई सरकारी भवन होगा। नायब तहसीलदार से लेकर एसडीएम के कोर्ट रूम तक छतों से पानी रिस रहा है, प्लास्टर उखड़ रहे हैं, और चारों ओर दीवारों में सीलन है। हालत यह है कि काम के सिलसिले में अधिक देर तक बैठने वाले कहीं बीमार न पड़ जाएं।

- छतों से पानी, दीवारों पर सीलन, उखड़ रहे प्लॉस्टर

न्यायधानी का तहसील भवन बीमार हालत में है, और इस कदर बीमार है कि यहां लगातार आने-जाने वालों को भी बीमार कर जाएगा। तहसीलदार गरिमा सिंह ठाकुर के कोर्ट रूम में छतों से पानी रिस रहा है। दीवारों पर पेंट तो दूर की बात है, प्लास्टर ही दम तोड़ रहे हैं। चारों ओर सीलन है। यही हालत तहसीलदार राहुल शर्मा के कार्ट रूम की है। यहां दीवारों पर प्लास्टर की हालत कुछ ठीक है, लेकिन छतों व दीवारों पर सीलन है। अतिरिक्त तहसीलदार लखेश्वर किरण के कोर्ट रूम की हालत भी कुछ ऐसी ही है।

आश्चर्यजनक बात यह है इस भवन के मुखिया एसडीएम मनीष साहू खुद इसी समस्या से जूझ रहे हैं। श्री साहू कोर्ट रूम में जिस जगह पर बैठते हैं, उनकी कुर्सी के ठीक पीछे प्लास्टर उखड़ चुका है। छत से पानी रिसने के कारण चारों ओर दीवारों में सीलन है। तहसील भवन की नब्ज़ कहे जाने वाले रिकार्ड रूम की हालत इन सबसे खराब है। रिकार्ड रूम भी बारिश से भरपूर प्रभावित है और कमरे में दस्तावेज कचरे की तरह इस कदर रखे गए हैं कि जरूरत पड़ने पर किसी आवश्यक दस्तावेज का मिल पाना असंभव हो।


तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम में बेतरतीबी से पड़े दस्तावेज।


तहसीलदार की कुर्सी के पीछे सीलन से दीवार का प्लास्टर उखड़ा ।

**नया भवन बनाना है**

स्थान का अंतिम चयन नहीं हो पाने के कारण भले ही तहसील के नए भवन के निर्माण में विलंब हो रहा है, लेकिन बनना है यह तो तय है। बस इसीलिए भवन की रिपेयरिंग में राशि खर्च नहीं की जा रही है।

**-मनीष साहू,** एसडीएम बिलासपुर

### नए भवन के निर्माण में और किनती देरी?

बिलासपुर में एक नए और गरिमामय तहसील भवन बनाने की तयारी की जा रही। ऐसा भवन, जो प्रदेश में कहीं और न हो। शासन भवन निर्माण के लिए राशि देने को तैयार है, लेकिन दिक्क्त यह है कि नया भवन कहां बनेगा, इसके स्थान को लेकर राजनीति चरम पर है। इसके लिए कोनी में स्थान तय किया जा चुका था, लेकिन अधिवक्ताओं के विरोध के कारण कोनी में निर्माण फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है। इधर शहर में भी भवन निर्माण के लिए कई अन्य स्थानों को विकल्प के तौर पर देखा गया, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है। इधर पीडब्ल्यूडी स्थान के अंतिम चयन के लिए एसडीएम को लगातार पत्र भेजा जा रहा है, लेकिन इस मामले में एसडीएम को स्वयं उच्चाधिकारियों के आदेश का इंतजार होने के कारण मामला ठंडा पड़ा है। परिणाामस्वरूप न केवल पूरा राजस्व अमला, बल्कि आम नागरिक भी इसकी सजा भोग रहे हैं।

# देवघर से मेडिकल एजेंसी संचालक को पुलिस ने पकड़ा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में पहली बार सरकण्डा पुलिस ने एनडीपीएस के मामले में एण्ड टू एण्ड की कार्रवाई करते हुए बिना बिल के मेडिकल स्टोर संचालक को प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले देवघर के मेडिकल एजेंसी संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- खंगाला जा रहा आरोपियों की संपत्ति का रिकार्ड

9 मार्च 2025 को सरकण्डा पुलिस ने उर्जा पार्क के बाजू से एक नाबालिग सहित दो लोगों को पकड़कर 56 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में एसआई अवधेश सिंह ने दोनों युवकों से सख्ती से पूछताछ की गई तो दोनों ने बताया, नूतन चौक निवासी शानू महंत के द्वारा कफ सिरप मंगाया गया है। शानू महंत को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर उसने झारखंड देवघर स्थित राज मेडिकल स्टोर से खरीदकर लाना बताया। पुलिस ने देवघर में दबिश देकर मेडिकल स्टोर संचालक रीतू राज पिता अरूण सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने बिना बिल के देवघर लक्ष्मी मार्केट स्थित नवचेतन मेडिकोज एजेंसी से कफ सिरप खरीदना बताया। उसके बाद मेडिकल स्टोर से साक्ष्य एकत्रित करने के बाद एसआई श्री सिंह, आरक्षक नमित सोनी व अन्य के साथ तकनीकी साक्ष्य के आधार पर देवघर में नवचेतन मेडिकोज एजेंसी में दबिश देकर संचालक कास्ता टाउन देवघर निवासी कृष्ण कुमार बरनवाल पिता स्व. नर्सिग बरनवाल 55 को हिरासत में लेकर दस्तावेज खंगाला गया। बिना बिल के मेडिकल स्टोर को बेचने व आनलाइन पेमेंट मिलने के साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने संचालक कृष्ण कुमार बरनवाल को गिरफ्तार वहां के कोर्ट में पेश किया ट्रांजिट रिमांड लेकर शहर आई। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एण्ड टू एण्ड कार्रवाई में मेडिकल एजेंसी संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजना प्रदेश का पहला मामला है। आरोपियों के संपत्ति का रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

### आधा दर्जन से अधिक सौदागरों को हुई सजा

एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर नशे का सामान बेचने वालों पर एण्ड टू एण्ड के तहत कार्रवाई की जा रही है। आलम यह है कि नशे के सौदागर अक्षय कुर्रे, जुगनी बाई, मनीषा टण्डन, कोंदा उर्फ सर्वेश मनहर, पल्लवी, विशाल सिंह, मो जाहिद सहित अन्य को कोर्ट से 15 साल कठोर कारावास की सजा हो चुका है। इसके अलावा करीब 20 बड़े सौदागर जेल में बंद है। उनके काले कमाई के 5 करोड़ों की संपत्ति जब्त की गई है। वर्तमान में भी पुलिस नशे के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने में लगी हुई है।

# अवैध प्लाटिंग: घुरू की 6 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक

बिलासपुर। अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले शहर के घुरू में 6 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए निगम ने बिलासपुर और तखतपुर के उप पंजीयक को पत्र लिखा है।

- निगम ने पंजीयन विभाग को लिखा पत्र

इन भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन, बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाने के लिए निगम द्वारा उप पंजीयक को पत्र जारी किया गया है। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व शहर के अलग-अलग स्थानों के 142 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए उप पंजीयक को पत्र लिखा गया था। दरअसल शहर के घुरू-लिंगियाडीह, मंगला और बिजौर क्षेत्र में कृषि भूमि पर अवैध कालोनी विकसित करने भू-माफिया सक्रिय है। यहां, बिना लेआउट प्लान और डायवर्सन के जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचा जा रहा है। निगम के मुताबिक घुरू की जिन जमीनों पर रोक लगाने के लिए पत्र जारी किया गया है। उसमें सकरी तहतील स्थित भूमि खसरा क्रमांक 302/5, 311/2, क्षेत्रफल क्रमशः 0.0314, 0.0943, 0.0545, 0.1694, 0.0637, 0.641 हेक्टेयर, भूमि शामिल हैं।

इन जमीनों के स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किए अवैध कालोनी / प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्ड़ों में विभाजित कर विक्रय बेचा जा रहा है।

### इन जमीनों पर भी रोक

ध्यान रहे कि इससे पूर्व निगम द्वारा अवैध प्लाट में सड़क, बाउंड्रीवाल तोड़ने की कार्रवाई की गई थी, जिन 142 जमीनों की सूची पंजीयक कार्यालय को सौंपी गई है, उनमें मंगला क्षेत्र की 39 जमीन, मोपका की 33 जमीन, तिफरा में 10 जमीन, खमतराई की 40 जमीन, बिजौर की 10, चांटीडीह की 6, मंगला और लिंगियाडीह की 4 जमीन शामिल है। हालांकि इसके बाद भी शहर के आसपास मोपका, चिल्हाटी, सिरगिट्टी, तोरवा, सकरी, मंगला, बैमा-नगोई, कोनी, रतनपुर रोड और उसलापुर जैसे क्षेत्रों में देखी जा रही है। यहां खुलेआम खेतों की बाड़ तोड़कर बिना किसी ले-आउट स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे हैं।

### राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका

दरअसल, कृषि भूमि पर शहर के भू माफियाओं की नजर है, जो इन जमीनों की खरीदी-बिक्री कर टुकड़ों में प्लाटिंग कर रहे हैं। जबकि, कॉलोनी बनाने के लिए नगर निगम के साथ ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और राजस्व विभाग की सहमति जरूरी है। लेकिन, भू माफिया नियमों को दरकिनार कर राजस्व अफसरों के साथ मिलकर अवैध प्लाटिंग कर टुकड़ों में जमीन बेच रहे हैं। यही वजह है कि राजस्व अधिकारी अवैध प्लाटिंग को नजरअंदाज कर रहे हैं। शहर से लगे गांव में जमीन दलालों द्वारा अवैध प्लॉटिंग करने का सिलसिला जारी है। सस्ते दाम और भविष्य में तेजी का लालच देकर दलाल खेती की जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं। राजस्व विभाग के मैदानी अमले की मिलीभगत से यह कारोबार बेखौफ चल रहा है।

### डिवीजन का निरीक्षण किया जोन के जीएम ने

बिलासपुर। एसईसीआर के जीएम तरूण प्रकाश ने बिलासपुर मंडल के झलवारा से शहडोल के बीच रेलखंड का व्यापक संरक्षा निरीक्षण कर रेल संरक्षा, परिचालन प्रणाली, स्टेशन विकास कार्यो एवं यात्री सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष, अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल व वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे। महाप्रबंधक ने न्यू कटनी जंक्शन से झलवारा के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं एवं संरक्षा मानकों का जायजा लिया।

### तारबाहर में गंदा पानी सप्लाई डायरिया से कई लोग बीमार

बिलासपुर। तारबाहर वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर में दूषित पानी से कई लोग बीमार पड़ रहे हैं। यहां डायरिया से पीड़ित परिवारों को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। निगम प्रशासन दो दिनों से पाइपलाइन में लीकेज खोज रहा है। कांग्रेस पार्षद शेख असलम ने ने बताया कि पिछले 15 दिनों से उनके वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर में अमृत मिशन के पाइप लाइन से गंदा पानी लोगों के घर में पहुंच रहा है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं । पार्षद शेख असलम के द्वारा गंदा पानी की शिकायत किए जाने पर निगम के कर्मचारी यहां पहुंचे हैं और पाइप लाइन में लिकेज को खोज रहे हैं 2 दिन से निगम के कर्मचारी अमृत मिशन के पाइप लाइन की मरम्मत नहीं कर सके। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने कहा है कि गर्मी के दिनों में जहां पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ था वहीं दूसरी ओर बारिश में शहर के कई वार्डों में दूषित पानी सप्लाई होने से लोग बीमार पड़ रहे हैं ।

# अमरकंटक एक्सप्रेस में जहरखुरानी का आरोपी चढ़ा आरपीएफ के हत्थे



बिलासपुर। आरपीएफ की टीम ने अमरकंटक एक्सप्रेस में जहरखुरानी करने वाले आरोपी को पकड़ा है, जिसके पास से यात्रियों से चोरी किए गए लाखों के जेवरात व अन्य सामान को जब्त करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल की टीम समय-समय पर ट्रेनों में सफर करने वाले और स्टेशन पर मौजूद यात्रियों की सुरक्षा के लिए अनाउंसमेंट के जरिए सतर्क करने का कार्य करते हैं। कई बार ट्रेन में सफर करने वाले यात्री अपने साथ कीमती सामान रखते हैं। चलती ट्रेन में आरोपी ऐसे यात्रियों से संपर्क स्थापित कर खाने-पीने का सामान देकर जहरखुरानी करने के बाद उनके सामानों को पार कर देते हैं। इस तरह की घटनाएं लगातार ट्रेनों में होती है। आरपीएफ को 12854 भोपाल से दुर्ग के बीच चलने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस में एक महिला यात्री गीता बाई रजक से 4 जुलाई को शिकायत मिली थी।गीता बाई रजक अपने परिजन के साथ भोपाल से उसलापुर तक सफर कर रही थी। इस दौरान उसके साथ जहरखुरानी की गई। महिला की शिकायत पर बिलासपुर जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 123, 305 सी बीएनएस दर्ज किया था। जांच के दौरान आरपीएफ की टीम ने महिला के परिजन को आरोपियों की फोटो एल्बम दिखाई गई, जिसमें परिजन ने एक पुराने आरोपी राजेश अरोरा की पहचान की। बिलासपुर जीआरपी ने मामले को शहडोल जीआरपी में ट्रांसफर कर दिया, जहां मामला कायम करने के बाद आरपीएफ के साथ एक संयुक्त टीम बनाकर आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी गई।

# श्रमिक संघ की हड़ताल का कोयला उत्पादन पर असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रमिक कानून के विरोध में श्रमिक संगठनों की हड़ताल के बावजूद एसईसीएल में कोयला उत्पादन पर किसी तरह का कोई असर नहीं पड़ा है। पूरे देश के साथ बिलासपुर में नए श्रमिक कानून के विरोध एसईसीएल में श्रमिक संगठनों ने हड़ताल की थी। इस हड़ताल की वजह से कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रभाव पड़ा, लेकिन इससे कोयला उत्पादन और ओबीआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य संचालन अप्रभावित रहे। कर्मचारियों की उपस्थिति पहली पाली में करीब 51 फीसदी और दूसरी पाली में 47 फीसदी रही। दूसरी पाली में कंपनी के 20 में से 19 खुली खदानें पूर्णतया या अंशतः प्रभावित रूप में कार्य करने लगी थी। दूसरी पाली में भूमिगत खदानों में लगभग एक तिहाई खदानें सामान्य वहीं एक तिहाई अंशतः प्रभावित रूप से कार्य कर रही थी।

# दो दुकानों पर एक लाख की पेनाल्टी

## नियोबर्ग डायग्नोसिस और गणेश गारमेंट पर 50- 50 हजार का जुर्माना

बिलासपुर। लगातार चेतावनी और नोटिस के बाद भी शहर की सड़कों, चौक-चौराहे, डिवाइडर और बिजली खंभों समेत शासकीय संपत्ति पर होर्डिंग लगाए जा रहे हैं जबकि एमआईसी में भी इस पर प्रस्ताव पारित भी हो चुका है। इसमें कहा गया है कि फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर लगाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसी के तहत निगम ने दो जगहों पर 50- 50 हजार की पेनाल्टी लगाई है। इसमें कुंदन पैलेस के सामने स्थित नियोबर्ग डायग्नोसिस और करबला रोड पुराना बस स्टैंड स्थित गणेश गारमेंट शामिल हैं। पेनाल्टी की राशि जमा नहीं करने पर दुकानों को सील करने और दूसरे वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। दरअसल, शहर के मार्ग, चौक, डिवाइडर, खंभे, सड़क किनारे अवैध रूप से बैनर-पोस्टर लगाकर आवाजाही को बाधित कर दिया जाता है। इससे दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है। अवैध बैनर-पोस्टर ना सिर्फ शहर की सुंदरता को खराब कर रहे हैं। बल्कि शासकीय संपत्ति को भी विरूपित किया जा रहा है। इस पर लगाम लगाने और कार्रवाई करने के लिए सभी शासकीय संपत्तियों से अवैध बैनर पोस्टर निकालने और इसके खिलाफ लगातार अभियान चलाए जाने का फैसला लिया गया है। साथ ही हर फ्लेक्स पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगाने को लेकर भी निर्णय लिया गया। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक प्रिंटिंग करने वाले का नाम अब हर फ्लेक्स में मुद्रक के रूप में देना होगा। अवैध लगाए पाए जाने पर जुर्माना राशि का 50 प्रतिशत मुद्रक से वसूला जाएगा और 50 प्रतिशत फ्लेक्स छपवाने और लगाने वाले से लिया जाएगा।

- चेतावनी के बाद भी होर्डिंग्स लगाया

## खबर संक्षेप

### गायत्री परिवार का दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव आज व कल

**बिश्रामपुर।** श्रद्धा, भक्ति और गुरुत्व की भावना से ओतप्रोत पावन पर्व गुरू पूर्णिमा का आयोजन गायत्री परिवार बिश्रामपुर द्वारा 9 व 10 जुलाई को भव्य रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा ऐसी बनाई गई है, जिससे श्रद्धालु केवल धार्मिक अनुष्ठान में नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नयन की दिशा में भी जुड़ाव महसूस करें। गौरतलब है कि गुरू पूर्णिमा के स्वागत में 9 जुलाई बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक अखंड गायत्री मंत्र जाप का आयोजन किया गया। इस दौरान साधकों ने सामूहिक रूप से 12 घंटे तक एक ही स्थान पर बैठकर गायत्री महामंत्र का उच्चारण करते हुए वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यहां पर गुरू पूर्णिमा के पावन दिन 10 जुलाई गुरुवार को प्रातः 8 बजे से यज्ञशाला में हवन कार्यक्रम आरंभ होगा। गायत्री परिवार के परंपरागत वैदिक विधानों के अनुसार यज्ञ की अग्नि में आहुतियां समर्पित कर सभी नगरवासियों की मंगलकामना और आत्मिक शुद्धि की प्रार्थना की जाएगी।

### खाद की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटा, नमूना जांच में खाद की गुणवत्ता पाई गई सही

**सीतापुर।** कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नकली खाद की आशंका के आधार पर सहकारी समिति भुसु में भंडारित खाद की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया है। नमूना जांच के आधार पर मानक अनुसार खाद की गुणवत्ता पाए जाने के बाद प्रतिबंध हटाया गया है। इस संबंध में उपसंचालक कृषि द्वार समिति में भंडारित खाद की बिक्री के आदेश जारी कर दिए गए हैं। विदित हो पखवाड़े भर पहले कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भुसु का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को वहां बिना बैच एवं टैग के भारी मात्रा में खाद मिला था। समिति में नकली खाद बिक्री की आशंका पर जांच टीम ने 128.70 मीट्रिक टन यूरिया खाद की बिक्री पर रोक लगाते हुए सील कर दिया था। इस दौरान लैब में नमूना जांच के लिए अधिकारी सैंपल अपने साथ ले गए थे जिसकी गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया था। परीक्षण के दौरान खाद की गुणवत्ता सही पाई गई जिसके आधार पर उपसंचालक कृषि ने आदेश जारी करते हुए खाद पर लगा प्रतिबंध हटा दिया। प्रतिबंध हटते ही समिति में खाद की बिक्री का रास्ता साफ हो गया।

### खेत जाने निकले युवक की चौथे दिन नाले में मिली लाश

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर पंडरीपानी निवासी 35 वर्षीय युवक लल्लू राम आत्मज सजन राम का शव आज बुधवार को बेलसोता नाले में पड़ा हूआ मिला।ग्रामीणों की सूचना पर जयनगर पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम किया है।बताया गया कि अभी चार दिनों पूर्व हो रहे तेज बारिश के दौरान नदी नाले उफान पर थे,उसी दौरान राजापुर निवासी युवक लल्लू राम अपने घर से खेत जाने कहकर निकला था, तब से वह लापता हो गया था ,परिजन उसकी पता तलाश में जुटे थे, तभी बुधवार को उसका शव बेलसोता नाला में पड़ा हूआ देखा गया।पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### नवागढ़ तालाब में डूबने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** महामाया पारा निवासी विशाल उर्फ बंटी कश्यप आ. स्व. सुशील कश्यप (35 वर्ष) गत दिन दोस्त के साथ निकला था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। आज सुबह मोहल्ले स्थित नवागढ़ नवा तालाब में युवक का शव मिला। बताया जा रहा है कि युवक कुछ दिनों से ज्यादा शराब पी रहा था। परिजन सहित पुलिस ने अंदेशा जताया है कि युवक नशे की हालत में तालाब में गिर गया जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## निधन

### लखनलाल यादव



**हरदीबाजार।** सराईसिंगार निवासी लखनलाल यादव (89 वर्ष) का निधन रविवार को हो गया। वे रामनारायण यादव के पिता व केशव यादव के दादा थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार शोक संतृप्त छोड़ गए। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खिसोरा में संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में परिवार, समाज से व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### महिला के शव...

वाले बांकीमोंगरा थाने में पदस्थ जांच अधिकारी एएसआई पृथ्वीराज मोहंती को सस्पेंड कर जांच का आदेश दिया गया है वहीं घटना के दूसरे दिन मृतका के पुत्र आने के बाद मामले में पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई और शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### जीएसटी राजस्व...

भावना की सराहना की। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन सह यो परि) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, सीडीएन सिंह, महाप्रबंधक (वित्त), आनंद बक्शी, उप-महाप्रबंधक (आईए) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

आयुक्त ने सड़क नाली कलवर्ट निर्माण, नालियों को बड़ी नाली से जोड़ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनसमस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें: आयुक्त



निरीक्षण करते निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड पार्षदों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई जनसमस्याओं का निराकरण सर्वाच्च प्राथमिकता के साथ करें, पार्षद अपनी वार्ड की जनता के प्रतिनिधि हैं, वार्ड की जनता अपनी समस्याओं को लेकर सर्वप्रथम अपने पार्षद के पास जाती है, वार्ड पार्षद इन समस्याओं के त्वरित निराकरण की अपेक्षा निगम प्रशासन से रखते हैं, उनके द्वारा बताई गई समस्याएं त्वरित रूप से निराकृत हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम की एक्शन टीम के साथ सुबह 7 बजे सर्वमंगला जोन की ग्राम्य बस्ती बरमपुर सर्वमंगला नगर के वार्ड क्र. 61 व 62 के बस्तियों के निरीक्षण के दौरान कही। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्डों की बरमपुर ऊपर बस्ती, ठाकुरदीहा मोहल्ला, मंझवार मोहल्ला तथा सर्वमंगला नगर के विभिन्न मोहल्लों, पारों की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ की सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, सड़क, नाली, बरसाती पानी की निकासी, अतिक्रमण व अवैध कब्जा, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण सहित अन्य विविध कार्यों, जरूरतों व जनसमस्याओं का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान मोहल्लों व बस्तियों में सड़क, नाली, कलवर्ट निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए आयुक्त ने इन निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए। इसी प्रकार बरसाती पानी व अन्य निस्तारी पानी की समुचित निकासी हेतु बस्तियों में स्थित विभिन्न नालियों को वहाँ पर स्थित बड़ी नाली से कनेक्ट किए जाने संबंधी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी उन्होने दिए। भ्रमण के दौरान आयुक्त ने पाया कि अनेक दुकानां में डस्टबिन नहीं रखें गए, दुकानों के सामने दुकान से उत्सर्जित पन्नी, प्लास्टिक व अन्य कचरा बिखरा हुआ है, उन्होने संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, साथ ही दुकान संचालकों को समझाईश दी कि वे दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा ग्राहकों को डस्टबिन में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित करें।

#### निर्माणाधीन मकानों की भवन अनुज्ञा की जांच

उक्त बस्तियों में अनेक मकान भवन निर्माणाधीन पाएं गए, जिनका कार्य प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को इन मकानों की भवन निर्माण अनुज्ञा की जांच करने तथा बिना अनुमति के मकान भवन का निर्माण होने पर नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कई स्थानों में सड़क व फुटपाथ पर ईट, गिट्टी, रेत व अन्य निर्माण सामग्री तथा सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग की गई थी, आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधितां को नोटिस देने तथा सड़क व फुटपाथ से उनको स्वयं उक्त मटेरियल हटा लेने का अल्टीमेटम देने को कहा, यदि उनके द्वारा सामग्री नहीं हटाई जाती तो नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

#### कचरा उठाने में देरी, ठेकेदार पर 5 हजार का अर्थदण्ड

बरमपुर बस्ती में भ्रमण के दौरान आयुक्त ने पाया कि ठेकेदार द्वारा कचरा उठाने में देरी की जा रही है, वहीं वार्ड पार्षद के कार्यालय के बगल में भी एक-दो दिन पुराना कचरा पड़ा हुआ है। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित सफाई कार्य एजेंसी पर 5 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए, साथ ही एजेंसी को कड़ी हिदायत दी कि सफाई कार्य किए जाने के साथ-साथ ही कचरे का उठाव कराएं तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि स्थल से कचरा उठाने में अनावश्यक देरी न हों।

---



## बालको प्राथमिक शाला में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर 5 बालको नगर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, विशिष्ट अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। हितानंद अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने इसका एक ही मंत्र है। जब पढ़ेगा भारत तभी तो बढ़ेगा भारत, बच्चे भारत का भविष्य है। उन्होंने कहा कि आप सब खुशनसीब है जो सरकार की इतनी सारी योजनाओं का लाभ आपको मिल रहा है पहले के समय में लोग बड़े ही अभाव में पढ़ाई करते थे इसलिए आप सभी मन लगाकर पढ़ें उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। संजू देवी राजपूत जी ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने एवं ज्यादा पढ़ाई करने की नसीहत दी। साथ ही विद्यालय के रखरखाव के विषय पर शिक्षकों को ध्यान देने को कहा एवं उचित सहायता का वादा भी किया। कार्यक्रम के दौरान जयनंद राठौर, मनोज भार्या, संपत यादव, देव देवांगन, शाला (माध्यमिक) की प्रधान पाठक श्रीमती अनीता राठौर, प्रधान पाठक (प्राइमरी) श्रीमती अंजलि तिवारी, आरडी केसकर, नोहर चंद्रा सहित अन्य उपस्थित रहे। सफल मंच संचालन शिवनारायण कुंभकार के द्वारा किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों में पुस्तक, गणवेश एवं मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सावित्री वैष्णव,उषा शुक्ला, दीपा मिश्रा, शिखा पांडे, श्रद्धा साहू, राजेश्वरी चंद्रा अन्य शिक्षक, शिक्षिकायें छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

---

## राष्ट्रीय कैडेट कोर का किया गया स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में शामिल बच्चे एवं शिक्षक।

छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी कोरबा की कमान अधिकारी सैंथिल कुमार एस एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला के प्राचार्य डॉ असद अहमद के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कैडेट कोर(एनसीसी) का स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें अंतिम रूप से 25 छात्र-छात्राओं का चयन हवलदार वारिस अली, हवलदार श्याम सुंदर और एनसीसी अधिकारी आकाश पांडेय द्वारा शारीरिक दक्षता, मेडिकल फिटनेस और लिखित परीक्षा के आधार पर किया गया जो कि अगले 2 वर्ष तक एनसीसी की ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। श्री पांडेय ने इस अवसर पर बताया कि एनसीसी बच्चों के नैतिक, शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य असद अहमद ने बताया कि एनसीसी छात्रों में अनुशासन, राष्ट्र के प्रति प्रेम, साहस की भावना विकसित करने में सहायता करेगा तथा छात्रों को नेतृत्व कौशल, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीखने में मदद करेगा। विद्यालय में एनसीसी कार्यक्रम को शुरू करने में प्राचार्य, आकाश पांडे एवं सहयोगी अध्यापिका लक्ष्मी पांडे एवं सूबेदार मेजर डूडा सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि एनसीसी में प्रशिक्षित बच्चे राष्ट्र के प्रति और स्वयं के प्रति मानसिक, शारीरिक और नैतिक रूप से ज्यादा सशक्त होंगे और बहुमुखी विकास होगा जो उन्हें एक बेहतर नागरिक बनने में मदद करेगा।

### प्रशिक्षण जनप्रतिनिधियों के लिए होगा अत्यंत लाभकारी

**कोरबा।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र में जिले के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के लिए तीन दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में 7 से 9 जुलाई तक आयोजित किया गया। समापन अवसर पर जिला पंचायत सदस्यों को सीईओ दिनेश नाग के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि यह प्रशिक्षण नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके कर्तव्यों को समझने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद करेगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवचयनित जन प्रतिनिधियों को शासन की योजनाओं, नियमों तथा उनके दायित्वों की समग्र जानकारी देना था, ताकि वे अपने कार्यों का निष्पादन प्रभावी ढंग से कर सकें।

## दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों को मिलने लगी है बेहतर शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया के पूरा होने के साथ ही जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मौजूद शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को नए शिक्षक मिल गए, वहीं इन क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को भी बेहतर शिक्षा की गारण्टी सुनिश्चित हो गई है। जिले के पोड़ी उपरोड़ा, पाली, कोरबा ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्रों के अनेक विद्यालयों के बच्चों को सीधा लाभ मिल रहा है।

**खास बात**

- मिडिल स्कूलों में हुई तीन शिक्षकों की उपलब्धता

विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम कदमझेरिया का प्राथमिक शाला है। इस विद्यालय में भले ही विद्यार्थियों की संख्या कम है, लेकिल इस एकलशिक्षकाय विद्यालय में अब दो शिक्षक हो गए है। पहाड़ो और जंगलों के बीच मौजूद इस प्राथमिक शाला में पढ़ाई करने वाले ज्यादातर विद्यार्थी पहाड़ी कोरवा जनजाति के है। विद्यालय की पहाड़ी कोरवा छात्रा ज्योति, राजेश, जितेश और सुमित्रा ने बताया कि अब हमारे स्कूल में एक शिक्षक के बाद एक शिक्षिका आ गई हैं। अब पहले से ज्यादा पढ़ाई भी हो रही है। पहले हमारे सर एक कमरे में दूसरे कक्षा के विद्यार्थी को पढ़ाते थे तब अन्य कक्षा खाली रह जाता था। अब ऐसा नहीं है। अब स्कूल में नया मैडम के आने से हम लोग को भी अच्छा लगता है।




फाइल फोटो

---

### जायसवाल समाज द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा में 2सौ प्रतिभागी हुए शामिल

**बरपाली।** प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौ. कलार) समाज के तत्वावधान में युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा के परीक्षा परिणाम 9 जुलाई को बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर के द्वारा कराया गया। प्रगतिशील जायसवाल कन्नौ. कलार समाज के कार्यकारिणी और युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में समाज के बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया था। परीक्षा के लिए तीन वर्ग बनाये थे जिसमें 7 वर्ष से 14 वर्ष, 14 से 19 वर्ष और 19 से 30 वर्ष तक के लगभग 2 सौ बच्चों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। इसके लिए सरस्वती शिशु मंदिर पुराना बस स्टैंड कोरबा, सर्वमंगला स्कूल दीपका, सरस्वती शिशु मंदिर भिलाई बाजार, धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल बरपाली, सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा, शा. कन्या माध्य. शाला टाउन चाम्पा, हँसवाहिनी विद्यालय बिलासपुर सहित कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उक्त परीक्षा में तीनों वर्ग के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों के लिए नगद पुरस्कार के साथ परीक्षा में शामिल हुए सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया।

## सराईपाली में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



सराईपाली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अंजली कौशल श्रीवास सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर विधिवत पूजा अर्चना कर किया। जनपद सदस्य अंजली कौशल श्रीवास ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनपद सदस्य अंजली कौशल श्रीवास ने कहा कि गांव का भविष्य स्कूल से ही बनता है, और शिक्षा ही वह मार्ग है जिससे हम अपने बच्चों को उज्जवल कल दे सकते हैं। इस अवसर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रवण पटेल, संकुल प्रभारी कमलेश कश्यप, पंच कलेश पटेल, चम्पा बाई पटेल, अंजली पटेल, होरी लाल पटेल, दिनेश पटेल, प्रधानपाठक सीताराम ओग्रे, सुरेश पटेल, राकेश राज, ठक्कर लाला, मधुर सिंह ख़ुशरो, निरंजन तंबोली, हरिश जायसवाल, ज्ञानदास मानिकपुरी एवं पालकों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव एवं नेवता भोज कार्यक्रम कराया गया।

### महिला टीम ने एएफसी विमेंस एशियन कप के लिए किया क्वालिफाई



**कोरबा।** राष्ट्रीय गौरव के इस क्षण में, भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने आधिकारिक क्वालिफाइंग प्रक्रिया के माध्यम से एएफसी विमेंस एशियन कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इस 23 सदस्यीय भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ के बालोद ज़िले की उभरती फुटबॉल स्टार सुश्री किरण पिस्दा भी शामिल हैं। उनका चयन राष्ट्रीय टीम में उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व का विषय है। किरण के अंतरराष्ट्रीय मंच तक के सफर में एनटीपीसी कोरबा की नैगम सामाजिक दायित्व पहल ने अहम भूमिका निभाई है, जिसने स्थानीय प्रतिभाओं को संवारने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। राष्ट्रीय टीम में उनका चयन यह प्रमाणित करता है कि नैगम सामाजिक दायित्व से संचालित खेल कार्यक्रम ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान और सशक्तिकरण में कितने प्रभावी हैं। थाईलैंड के खिलाफ भारत की जीत इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इससे पहले भारतीय महिला टीम कभी थाई टीम को पराजित नहीं कर पाई थी।

---

## हेल्थ प्लस

### निराश नि:संतान दंपती को मिला संतान सुख कृष्णा अस्पताल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




विवाह के 20 वर्ष बीत जाने के बाद भी संतान सुख से वंचित निराश दंपत्ति जो कि प्रदेश के आईवीएफ सेंटर में इलाज के बाद भी सफलता नहीं मिलने से हताश हो चुके थे, उनके अधिक उम्र हो जाने एवं महिला के गर्भाशय में गांठ एवं परत की कठिनाईयों के कारण सफलता नही मिल पा रही थी, ऐसे कठिन एवं निराशाजनक समय में जब यह दंपत्ति कृष्णा आईवीएफ सेंटर में ईलाज के लिए पहुँचे, प्रारंभिक जांच के बाद फर्टिलिटी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति उपाध्याय के उचित मार्गदर्शन एवं कड़ी मेहनत के बाद अत्याधुनिक आईवीएफ तकनीक के माध्यम से दंपत्ति को आशा की किरण दिखाई दी। जब महिला को कुछ ही महिनों के ईलाज के बाद गर्भाधारण की जानकारी हुई, अनवरत कड़ी मेहनत सलाह परामर्श से पूरा गर्भकाल डॉ. प्रीति उपाध्याय के देख-रेख में हुआ। दंपत्ति को स्वस्थ एवं सुंदर जुड़वा बच्चो की सौगात कृष्णा आईवीएफ सेंटर में प्राप्त हुई। आज जब यह दंपत्ति को बच्चों को गोद में लिए घर जा रहे है कॉफी भावुक एवं खुशी के आंसूओं के साथ कृष्णा आईवीएफ सेंटर कोरबा के समस्त स्टॉफ तथा डॉक्टरो का अभिवादन करते नही थक रहें।

### नवोदय विद्यालय में कैडेट्स चयन की हुई योग्यता परीक्षा

**कोरबा।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा छुरी में एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए कैडेट्स का चयन किया गया। चयन के लिए छात्रों के बीच शारीरिक दक्षता, मेडिकल फिटनेशन व लिखित परीक्षा आयोजित की गई। यह आयोजन वन सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा के कमान अधिकारी सैंथिल कुमार एस के मार्गदर्शन व प्राचार्य पीआर शंकरी के निर्देशन में मंगलवार को किया गया। छात्रों की चयन प्रक्रिया बटालियन के नायक अविनाश कुमार व स्कूल के एनसीसी अधिकारी रीतेश भोसले ने पूरी कराए। चयनित छात्र एनसीसी की 2 वर्ष की कठिन फौजी ट्रेनिंग से गुजरेंगे और द्वितीय वर्ष में एग्जाम के द्वारा ए सर्टिफिकेट की परीक्षा पास करेंगे।

## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनांतर्गत आवेदन के लिए उद्यमी की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं उद्यमी का अंशदान होगा। उद्यमियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक के साथ आवेदन करना होगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है। इसमें हितग्राहियों को वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण एकल उद्यमी, एफपीओ, स्वसहायता समूह एवं सहकारिता को बैंक के माध्यम से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी दिया जाना है, जिसके तहत नवीन एवं मौजूदा दोनों उद्यमी को पात्र परियोजना लागत की 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी परंतु अधिकतम 10 लाख रूपए दिये जाने का प्रावधान है। हितग्राही का स्वयं का योगदान 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक से ऋण दिया जाएगा।

### क्षत्रिय राठौर समाज की बैठक आज

**कोरबा।** क्षत्रिय राठौर समाज की बैठक 10 जुलाई को शाम 6 बजे घंटाघर स्थित सियान सदन में आहूत है जिसमें क्षत्रिय राठौर समाज के मंगल भवन के कार्य के प्रगति के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहारों के बारे में सामाजिक स्तर पर मनाने हेतु विचार किया जाएगा। सभी क्षत्रिय राठौर समाज सदस्यों एवं मातृ शक्तियों से मनहरणलाल राठौर संयोजक ने आग्रह किया है कि समाज की बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित हुए साथ ही पिछले बैठक में जो चर्चा हुई थी और कार्य पर प्रगति हुई है उसके बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

### लगातार बारिश के बाद धान की बोआई व रोपाई में आई तेजी

**कोरबा।** मानसून के समय प्रारंभिक दौर में कम बारिश के कारण किसान मायूस थे, क्योंकि फसलों की रोपाई व बोआई नहीं हो पा रही थी। लेकिन अब तक किसानों ने राहत की सांस ली है। कुछ दिनों के बारिश ने पानी की कमी का कोटा पूरा कर दिया। एक सप्ताह तक रुक-रुक कर और रविवार व सोववार को हुई लगातार बारिश ने जिले के सूखे पड़े खेत और नदियों को लबालब कर दिया। इसके बाद किसानों ने तेजी से धान की रोपाई और बुआई की। एक सप्ताह की बारिश ने बोआई में पिछड़ चुके किसानों को राहत दी। जिले में अब तक 435.9 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है इस बार कम बारिश का अनुमान लगाया जा रहा था, लेकिन 6 व 7 जुलाई को हुई बारिश ने कोटा पूरा कर दिया। इसके चलते ही किसानों ने 30 प्रतिशत पर रोपा और शेष फीसदी धान की बोआई कर चुके हैं। औसत रुप से कुल लगभग 60 प्रतिशत धान की फसल खेतों में लगाई जा चुकी है, जबकि एक सप्ताह पूर्व यह आकड़ा कम था। अब उम्मीद है कि इस वर्ष भी बीते वर्ष की तरह अधिक मात्रा में धान की फसल होगी।

### घर अंदर घूसकर चोरों ने नगदी सहित सोने चांदी को किया पार

**कोरबा।** दीपका क्षेत्र के एक मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने मकान से 20 हजार रुपए नकदी व सोने-चांदी की चोरी कर ली। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। रवि भवन सोमवारी बाजार दीपका में प्रेम कुमारी पटेल परिवार के साथ रहती है। शुक्रवार को प्रेम का पति काम पर गया था। घर में प्रेम व उसके बच्चे थे। कुंडी लगाकर महिला अपने बच्चों के साथ कचरा फेंकने के लिए गई थी। इसी दौरान मकान में चोरी हो गई। इसी तरह कुसमुंडा क्षेत्र के विकास नगर बाजार से बाइक की चोरी हो गई। बाइक विकास नगर कुसमुंडा में रहने वाले अनुर सिंह राठिया की है। वह बाइक क्रमांक सीजी 13 एके 9785 पर सवार होकर विकास नगर स्थित बाजार गया था। गाड़ी को खड़ी कर सब्जी खरीदने बाजार चला गया था। इस बीच चोरों ने बाइक की चोरी कर ली। अनुर वापस लौटा तो बाइक मौके पर नहीं थी। आसपास पतासाजी किया, लेकिन गाड़ी नहीं मिली।

# सांपों के रेस्क्यू के लिए प्रतिदिन दो दर्जन फोन कॉल, एक महीने में 1 हजार तक किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बारिश की पहली फुहार के साथ ही जमीन के भीतर रहने वाले जहरीले जीव जंतु सक्रिय हो चुके हैं और कभी लोगों के घरों में तो कभी बाथरूम में तो कभी किसी के जूते में तो कभी किसी के गाड़ी में घुस रहे हैं और लोगों को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर जमीन में रहने वाले सांपों की तादाद जिले में लगातार बढ़ती ही जा रही है। मौजूदा स्थिति में जिले में प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक सांप निकलने की फोन कॉल्स रेस्क्यू टीम के पास आ रही है। यदि स्नेक रेस्क्यू टीम की माने तो पिछले 1 महीने के दौरान जिले में तरह-तरह के सांपों का रेस्क्यू किया जा चुका है और पिछले तीन महीने में आंकड़ा 5 हजार से अधिक भी पार कर सकता है। इससे सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि कोरबा जिला ऊर्जाधानी तो है ही इसके साथ ही यह अब नाग लोक भी बन चुका है।

### विलुप्त प्रजाति के भी मिले हैं सर्प

**खास बातें**

- वन विभाग के नेतृत्व में 25 युवाओं की टीम जिले में कर रही है काम, किंग कोबरा का भी बढ़ा है कुनबा



उल्लेखनीय है कि कोरबा जिला कोयलांचल व ऊर्जाधानी के नाम से जाना जाता है लेकिन अब दिन ब दिन जिला नाग लोक भी बनता नजर आ रहा है। जिले के अलग-अलग क्षेत्र में सांप निकलने की घटना लगातार बढ़ती ही जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से सांपों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। जिसमें तरह-तरह के सांप और विलुप्त प्रजाति के सांपों का भी बसेरा पाया गया है। यही वजह है कि बारिश की पहली फुहार के साथ ही जिले के अलग-अलग कोने-कोने से स्नेक रेस्क्यू करने वाली टीम को लगातार फोन कॉल्स आ रहे हैं और एसडीओ आशीष खेलवार, एसडीओ एसके सोनी के नेतृत्व में स्नेक रेस्क्यू करने वाली टीम नोवा नेचर के साथ काम करने वाले जितेंद्र सारथी की टीम लगातार अलग-अलग क्षेत्र में दिन और रात पहुंचकर शहर के अलग-अलग क्षेत्र में सांपों का रेस्क्यू कर रही है। स्नेक रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी ने बताया कि प्रतिदिन जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से लगभग दो दर्जन से अधिक फोन कॉल्स आ रहे हैं और टीम लगातार वहां पहुंचकर नाग का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ रही है। पिछले 1 महीने के दौरान जिले में लगभग 1 हजार से अधिक सांपों का रेस्क्यू कर जिले के जंगल में छोड़ा गया है।

## काउंसलिंग के बाद भी खाली रह गया 66 पद

# पहले छात्रावास अधीक्षकों को प्रभार फिर मिलेगा शिक्षकों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित 183 आश्रम छात्रावास अधीक्षक के पद पर काउंसलिंग के बाद 66 पदों पर नियुक्ति हुई है। शेष पद अभी भी शिक्षकों के भरोसे संचालित होंगे। जिन्हें अपने स्कूल के शैक्षणिक कार्य के साथ साथ अधीक्षक का भी प्रभार देखना पड़ेगा। पिछले माह अधीक्षकों की विभाग में हुई थी काउंसलिंग।

**खास बात**

- सौ से अधिक शिक्षकों को मिल सकती है जिम्मेदारी

आश्रम छात्रावास अधीक्षकों के पद पर शिक्षकों को प्रभार देने का सिलसिला थम नहीं रहा है, बीते तीन वर्ष से अधीक्षकों के रिक्त पड़े पद पर पदोन्नति के बाद भी तकनीकी कारणों की वजह से काउंसलिंग नहीं हुई थी। पिछले माह विभाग में पदोन्नति के बाद काउंसलिंग प्रक्रिया शुरु की गई थी इसमें 73 पदों पर काउंसलिंग की गई जिसमें 7 अनुपस्थित थे, 66 पदों पर ही काउंसलिंग के साथ पदस्थापना की गई। उसके बाद ही पद रिक्त थे, इन पदों पर हाई सेकेंडरी स्कूल के व्याख्याता को या मिडिल स्कूल के शिक्षक को अधीक्षक का प्रभार दिया जा रहा है। लगभग पिछले वर्ष से लेकर इस वर्ष तक सौ ऐसे शिक्षक ऐसे आएंगे जिन्हें अपने स्कूल में पदस्थापना के साथ छात्रावास अधीक्षक का भी प्रभार देखना पड़ेगा। ये शिक्षक आश्रम के नजदीक संचालित स्कूल के ही रहेंगे जो अपने स्कूल में चार कालखडं की पढ़ाई कराने के साथ अधीक्षक का काम देखेंगे।



फाइल फोटो

### लंबे समय से नहीं हो रही भर्ती

छात्रावास अधीक्षक के पदों पर 2014 में भर्ती हुई थी उसके बाद से कोई भर्ती नहीं हुई है। पुराने अधीक्षकों को ही पदोन्नत कर 50 सीटर से सौ सीटर का प्रभार दिया जा रहा है। इसमें कन्या छात्रावास, प्री मैट्रिक व बालक छात्रावास व प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रावास शामिल हैं। प्रदेश में अब तक केवल 3 सौ पदों पर ही भर्ती हो सकी है। जबकि कुल पद 1275 हैं। भर्ती की प्रक्रिया में कोरबा को 20 अधीक्षक मिले थे जिन्हें अधीक्षक का प्रभार दिया गया है। शेष अधीक्षक का काम शिक्षकों के भरोसे किया गया है। जिस तरह विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी का पद रखा गया है। उसी तरह अतिरिक्त सहायक अधीक्षक की नियुक्ति की दरकार विभाग में बनी हुई है।

# जिला अस्पताल में बची गंभीर रुप से बीमार बच्चे की जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम जल्के से एक परिजन अपने 6 वर्षीय बच्चे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल दाखिल कराया गया था। बच्चा उस वक्त कोमा में था, धड़कन व नब्ज़ कमज़ोर थी, साँस की तकलीफ थी। बच्चे के फेफड़े में इंडोट्रैकियल ट्यूब लगी हुई थी, उसे अंबू बैग के द्वारा साँस देते हुए लाया गया था तथा धड़कन को बनाए रखने वाली आयनोट्रॉप जैसी दवाइयां पहले से चल रही थी। किडनी भी कमजोर हो चुकी थी, पेशाब में थोड़ा खून भी आने लगा था। जिला अस्पताल पहुंचते ही मरीज को पीडियाट्रिक विभाग के डॉक्टर्स की टीम द्वारा इमरजेंसी वार्ड में ही तुरंत इलाज शुरू किया गया और वेंटिलेटर के सहारे उसकी जान बचाई।

बच्चे के पिता ने बताया कि तीन-चार दिन के तेज बुखार और उल्टी की समस्या के बाद अचानक से बच्चा सुस्त पड़ गया था और बिस्तर से उठ ही नहीं पा रहा था। प्राइवेट हॉस्पिटल में दो दिन भर्ती रहा फिर पैसे के अभाव में मजबूरी में इलाज हेतु शासकीय मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल लाया गया। बच्चे के बीमारी के लक्षण जटिल वायरल इंसेफलाइटिस की तरह थे। यहाँ बच्चा 3 दिन तक वेंटिलेटर पर रहा फिर थोड़ी स्थिति में सुधार हुआ तो वेंटिलेटर से बाहर निकालने का प्रयास किया गया जो सफल रहा। वेंटिलेटर में रहने के दौरान बीच-बीच में बच्चे को खून की उल्टियां भी हो रही थी व दिल की धड़कन भी बहुत कमजोर हो गई थी। दिमाग में सूजन व आंतरिक दबाव बढ़ने के कारण बच्चा का शरीर सुन्न था और उसे झटके भी आ रहे थे। जाँच में पता चला कि रक्त में सोडियम की मात्रा भी बहुत बढ़ गई थी। इलाज के दौरान जाँच में बच्चे को सिकल सेल एनीमिया , हेपेटाइटिस और किडनी फेल्यर की बीमारी भी पता चली। उसका भी साथ-साथ इलाज किया गया। धीरे-धीरे जिला अस्पताल में इलाज के चलते बच्चे की स्थिति में सुधार हुआ।

# कार को टक्कर मारने के बाद महिला ने निगम के पूर्व कमिश्नर से की बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के पूर्व आयुक्त अशोक शर्मा के साथ घंटाघर के समीप सरेराह बदसलूकी की घटना हो गई। दरअसल श्री शर्मा की कार को एक अन्य वाहन ने ठोकर मार दी। जब उन्होंने सहज रूप से बात कर मामला सुलझाने की कोशिश की तो उस वाहन चालक और उसकी महिला परिजन ने अभद्रता शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद बढ़ता देख चालक ने महिला को आगे कर दिया ताकि मामला उलझ जाए। हालांकि इस मामले की शिकायत थाने तक नहीं पहुंची। सोशल मीडिया में यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जहां बुजुर्ग पूर्व कमिश्नर श्री शर्मा के साथ हुज्जत को लेकर लोगों में महिला के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्रांतर्गत घंटाघर निहारिका रोड पर नगर निगम के पूर्व आयुक्त व सेवानिवृत्त अशोक शर्मा अपनी कार से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी गाड़ी के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी गाड़ी से ठोकर मार दी। जब वे गाड़ी से नीचे आए तो कार सवार लोगों द्वारा जबरन उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा था। हालांकि मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया और किसी तरह मामले को शांत कराया। मामले को लेकर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना ने बताया कि किसी भी तरह की शिकायत नहीं पहुंची है। सड़क पर कुछ घटना होने की जानकारी जरूर मिली है। उल्लेखनीय है कि शहर की प्रमुख सड़कों जैसे निहारिका रोड, पॉवर हाउस रोड, प्रेस कॉम्प्लेक्स रोड, सीतामणी से बस स्टैंड मार्ग, टीपी नगर और सर्वमंगला रोड है। बेतरतीब अतिक्रमण ने आवाजाही को बेहद कठिन बना दिया है। दुकानदारों का सामान, रेहड़ी-ठेले और अस्थायी ढांचे सड़कों को संकरा कर रहे हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है।


पूर्व निगम कमिश्नर के साथ अभद्र व्यवहार करते वाहन चालक।

### करंट की चपेट में आने से बंदर की हुई मौत, वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार

**कोरबा।** सिंचाई कॉलोनी रामपुर में लोग उस समय सख्ते में आ गए जब दो बंदर पेड़ के ऊपर उछल कूद कर रहे थे और देखते ही देखते एक बंदर अचानक 11 केवी के चपेट में आ गया और नीचे गिर गया। लोग कुछ समझ पाते तब तक बंदर की मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया फिर मौकास्थल पर वन विभाग एवं नोवा नेचर की टीम पहुंची और आस पास के लोगों से पहले घटना की जानकारी ली। जिसके उपरांत पंचनामा के पश्चात बंदर को कपड़े में ढककर रखा फिर पूरे विधि विधान से पूजापाठ कर अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें वन रक्षक कमलेश कुम्हार, अर्जुन कंवर, नोवा नेचर से जितेंद्र सारथी, मयंक बख्शी, साथ ही वन विभाग के अन्य र्मचारी उपस्थित रहे।

# रामपुर शराब भट्टी को अन्यंत्र शिफ्ट करने महिलाओं ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामपुर बस्ती में स्थानीय महिलाओं और नागरिकों ने मुख्यमार्ग पर स्थित देशी शराब दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने शराब दुकान में जाकर प्रदर्शन किया। वार्ड पार्षद चंद्रलोक सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने शराबियों की हरकतों पर विरोध जताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर स्थित शराब दुकान से आवाजाही में परेशानी हो रही है। शराबी लोग महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं। स्कूली छात्र-छात्राओं को भी इस मार्ग से गुजरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पार्षद ने बताया कि शराब दुकान के बाहर चलने वाली चकना दुकान तुरंत हटाई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग इन चकना दुकानों से पैसा लेकर उन्हें चलने की अनुमति देता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चकना दुकान में शराब दुकान के निर्धारित समय से पहले और बाद में भी शराब बेची जाती है। मौके पर पहुंचे आबकारी विभाग के एडीईओ राकेश कुमार सिंह राठौर ने आश्वासन दिया कि कुछ महीनों में शराब दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाएगा।

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी
जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

## बैजनाथ धाम की यात्रा में निकलेंगे कावड़िये, अंचल के शिव मंदिरों में होगा जलाभिषेक

# शिव उपासना का पर्व सावन महीना कल से, शिव भक्ति में डूबेगा अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिव उपासना का पर्व सावन महीने की शुरुआत शुक्रवार से हो रही है और इसके साथ ही अंचल शिव भक्ति में डूब जाएगा। जगह जगह स्थित शिवालयों में जलाभिषेक की शुरुआत भी शिव भक्त कावड़ियों के द्वारा की जाएगी। प्रतिवर्ष बैजनाथ धाम यात्रा में जाने कावड़ियों का दल सावन के पहले सोमवार को जल चढ़ाने के लिए शुक्रवार से ही रवाना हो जाएगा।

सावन के महीने में अंचल के प्रसिद्ध शिव मंदिर पाली शिव मंदिर से लेकर कनकेश्वरधाम सहित अन्य शिव मंदिरों में सावन पर्व पर शिव भक्ति का नजारा दिखेगा। जिसकी तैयारियां कावड़ियों के दल के द्वारा एवं मंदिर समिति के द्वारा की जाती है। पाली शिव मंदिर में अमरकंटक से भी जल लेकर शिव का जलाभिषेक लेकर पहुंचते हैं। इसी तरह हसदेव नदी से जल लेकर शिव भक्त कनकेश्वरधाम पहुंचते हैं। शिव भक्ति की पूजा अर्चना को लेकर अनेक विधि विधान शास्त्रों में बताए गए हैं उसके अनुसर शिव भक्त परंपरा का निर्वहन करते हैं पहला सोमवार 14 जुलाई को है इस दिन उपवास रखने की परंपरा है। इस दौरान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है और सोमवार का उपवास भी रखा जाता है. इससे देवों के देव महादेव प्रसन्न होते हैं। आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी होता है. ऐसे में आइए जानते हैं इस साल सावन का पहला सोमवार व्रत कब रखा जाएगा, शुभ मुहूर्त क्या होगा और पूजा कैसे की जाएगी। पंचांग के अनुसार, सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर सावन का पहला सोमवार व्रत रखा जाएगा। इस तिथि की शुरुआत 14 जुलाई को देर रात 1:2 मिनट पर होगी और समापन 14 जुलाई देर रात 11:59 मिनट पर। 14 जुलाई को सावन सोमवार का पहला व्रत भी रखा जाएगा और इसी दिन गजानन संकष्टी चतुर्थी भी है। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:11 मिनट से 4:52 मिनट तक, विजय मुहूर्त दोपहर 2:45 मिनट से 3:40 मिनट तक, गोधूलि मुहूर्त शाम 7:20 मिनट से 7:40 मिनट तक, निशिता मुहूर्त रात्रि 12:07 मिनट से 12:48 मिनट तक रहेगा। पहले सावन सोमवार का व्रत आप महादेव के नामों का जप करने। इस दिन आप स्नान करने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद बाद भगवान शिव को देसी घी का दीपक जलाकर उनकी पूजा अर्चना की जाती है।


फाइल फोटो

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
आई सी यू विभाग
• जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
• अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
• मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
• विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
• रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
• जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
• मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड, सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411